वैष्णो देवी आरती | By Varsha Shribastav |

ॐ जय वैष्णवी माता
मैया जय वैष्णवी माता
तू ही लक्ष्मी दुर्गा
तू काली माता
ॐ जय वैष्णवी माता

शीश पे छत्र विराजे
मूरतिया प्यारी
गंगा बहती चरणन
ज्योत जगे न्यारी
ॐ जय वैष्णवी माता

ब्रह्मा वेद पढ़े नित
शंकर ध्यान धरे
सेवक चंवर डुलावत
नारद नृत्य करे
ॐ जय वैष्णवी माता

सुंदर गुफा तुम्हारी
मन को अति भावे
बार-बार देखन को
ऐ माँ मन चाहे
ॐ जय वैष्णवी माता

भवन के झंडे झूले
घंटा ध्वनि बाजे
ऊँचा पर्वत तेरा
माता प्रिय लागे
ॐ जय वैष्णवी माता

पान सुपारी ध्वजा नारियल
भेंट पुष्प मेवा
दास खड़े चरणों में
दर्शन दो मैया
ॐ जय वैष्णवी माता

जो जन निश्चल करके
द्वार तेरे आवे
उसकी इच्छा पूर्ण
माता हो जावे
ॐ जय वैष्णवी माता

इतनी स्तुति निशदिन
जो नर भी गावे
कहते सेवक ध्यानू
सुख संपत्ति पावे
ॐ जय वैष्णवी माता

ॐ जय वैष्णवी माता
मैया जय वैष्णवी माता
तू ही लक्ष्मी दुर्गा
तू काली माता
ॐ जय वैष्णवी माता

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%88%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a5%80-by-varsha-shribastav/